# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-02/2024- 250 /वि०स० ।

प्रेषक,

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक-कार्य०का०सू०-02/2024-148, दिनांक-18 जनवरी, 2024 एवं कार्य०का०सू०-02/2024-224, दिनांक-31 जनवरी, 2024 के क्रम में सूचित करना है कि बिहार के राज्यपाल से निम्न संदेश प्राप्त हुआ है :-

संदेश

भारत के संविधान के अनुच्छेद-176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को दिनांक 12 फरवरी, 2024 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना
दिनांक- 01-02-2024

ह०/- राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर
राज्यपाल, बिहार ।

विश्वासभाजन,
(राज कुमार)
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 250 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार, पटना / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना / सचिव, बिहार विधान परिषद्, पटना / अपर मुख्य सचिव एवं उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 250 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- न्यूज हेड, आकाशवाणी, पटना/ उप निदेशक समाचार, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ चीफ ऑफ ब्यूरो, टाईम्स ऑफ इन्डिया, पटना/ ब्यूरो प्रमुख, दि हिन्दुस्तान टाईम्स, पटना/ स्थानीय संपादक, हिन्दुस्तान, पटना/ स्थानीय संपादक, दैनिक जागरण, पटना/ ब्यूरो प्रमुख, दैनिक भास्कर, पटना/ ब्यूरो प्रमुख, राष्ट्रीय सहारा, पटना/ संपादक-सह-राज्य ब्यूरो प्रमुख, प्रभात खबर, पटना/ स्थानीय संपादक, आज, पटना/ ब्यूरो प्रमुख, युवा शक्ति/ संपादक, सन्मार्ग, पटना/ संपादक, कौमी तंजीम, पटना/ संपादक, संगम/ ब्यूरो प्रमुख, यू०एन०आई०, पटना/ ब्यूरो प्रमुख, पी०टी०आई०/ ब्यूरो प्रमुख, ए०एन०आई०/ वरीय संपादक, एबीपी न्यूज/ एडिटर, आज तक/ एडिटर, न्यूज 18 (बिहार-झारखण्ड)/ रेजीडेन्ट एडिटर, जी०(बिहार-झारखण्ड)/ ब्यूरो प्रमुख, जी० न्यूज/ कार्यकारी संपादक, एन०डी०टी०वी०/ ब्यूरो प्रमुख, सहारा टी०वी०(बिहार-झारखण्ड)/ एसोसियेट एडिटर, न्यूज 24/ विशेष संवाददाता, टाइम्स नाऊ/ एडिटर, रिपब्लिक टी०वी०/ ब्यूरो प्रमुख, इंडिया न्यूज/ ब्यूरो प्रमुख, कशिश न्यूज/ ब्यूरो प्रमुख, इंडिया टी०वी०/ प्रिंसिपल कॉरेस्पौंडेन्ट, न्यूज नेशन/ ब्यूरो प्रमुख, टी०वी० 9 भारतवर्ष को सूचनार्थ एवं प्रकाशन/प्रसारण हेतु प्रेषित ।

1/2/2024

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 250 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

1/2/2024

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 250 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के निदेशकगण / उप सचिवगण / प्रतिवेदन शाखा / श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित ।

1/2/2024

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## संशोधित कार्यक्रम

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-01/2024- 241 /वि०स० ।

प्रेषक,

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक-कार्य०का०सू०-01/2024-139, दिनांक-18 जनवरी, 2024 एवं कार्य०का०सू०-01/2024-215, दिनांक-31 जनवरी, 2024 के क्रम में निदेशानुसार सूचित करना है कि सप्तदश बिहार विधान सभा का एकादश सत्र संशोधित कार्यक्रमानुसार दिनांक-10 फरवरी, 2024 के स्थान पर दिनांक-12 फरवरी, 2024 को सभा वेश्म, पटना में 11.00 बजे पूर्वाह्न से अधिवेशित होगा ।

अत: आपसे उक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के लिए अनुरोध करता हूँ ।

विश्वासभाजन,

(राज कुमार)
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

<u>بہار قانون ساز اسمبلی سکریٹریٹ</u>

# ترمیم شدہ پروگرام

مکتوب نمبر۔ پرو، فہرست امور ---- 241 ------ 01/2024 / ق۔س۔ا

منجانب،

راج کمار

سکریٹری،

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ۔

بخدمت،

معزز اراکین حضرات،

بہار قانون ساز اسمبلی،

(معزز وزیر اعلیٰ / معزز نائبین وزیر اعلیٰ / بشمول معزز وزرا حضرات)

پٹنہ، مورخہ۔ 01 فروری، 2024 عیسوی۔

محترم/محترمہ،

قانون ساز اسمبلی کا مراسلہ نمبر۔ پرو فہرست امور 139-01/2024، مورخہ 18 جنوری، 2024 اور مراسلہ نمبر۔ پرو فہرست امور 215-01/2024، مورخہ 31 جنوری، 2024 کے ترتیب میں حسب ہدایت مطلع کرنا ہے کہ سترہواں قانون ساز اسمبلی کا گیارہواں اجلاس ترمیم شدہ پروگرام کے مطابق مورخہ 10 فروری، 2024 کی جگہ پر مورخہ 12 فروری، 2024 کو اسمبلی ہال پٹنہ میں 11.00 بجے دن سے منعقد ہوگا۔

لہٰذا: آپ سے مذکورہ مقررہ تاریخ، وقت اور مقام پر حاضر ہونے کے لئے گزارش کرتا ہوں۔

مخلص،

راج کمار

سکریٹری

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ۔

اردو ترجمہ : اُر۔ 01/2024 ''اردو شعبہ'' بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ،

ذوالفقار علی
1/2/2024

(ذوالفقار علی)

اسسٹنٹ ڈائرکٹر

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ

01.02.24

# بہار سرکار

## محکمہ پارلیمانی امور

## علامیہ

پٹنہ، مورخہ 01.02.2024

نمبر۔ پارلیمانی امور-1 / ق۔س (اجلاس)-/94-01/2024-01 / بہار کے گورنر کا مورخہ 01.02.2024 کا مندرجہ ذیل پیغام قانون سازیہ کے اراکین کے اطلاع کے لئے اس کے ذریعہ شائع کیا جاتا ہے :۔

''دستور ہند کی دفعہ 176 کے جزو (1) کے ذریعہ تفویض کردہ اختیارات کا استعمال کرتے ہوئے میں، راجندر وشوناتھ آرلیکر، بہار کا گورنر، اس کے ذریعہ مشترکہ نشست بہار قانون سازیہ کے دونوں ایوانوں کو مورخہ 12 فروری، 2024 کو 11.30 بجے دن میں خطاب کرنا چاہتا ہوں اور بہار قانون سازیہ کے توسیعی عمارت کے سنٹرل ہال، پٹنہ میں اراکین کی موجودگی چاہتا ہوں۔

راجندر وشوناتھ آرلیکر

گورنر، بہار''

پٹنہ،

مورخہ 30.01.2024

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-01/2024- 242 /वि०स० ।

प्रेषक,

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

विषयः- भारत के संविधान के अधीन गठित सप्तदश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र (फरवरी-मार्च, 2024) का संशोधित औपबंधिक कार्यक्रम ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक कार्य०का०सू०-01/2024-140/वि०स०, पटना, दिनांक-18 जनवरी, 2024 एवं कार्य०का०सू०-01/2024-216, दिनांक-31 जनवरी, 2024 के क्रम में निदेशानुसार मैं सप्तदश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र का संशोधित औपबंधिक कार्यक्रम की एक प्रति संलग्न कर रहा हूँ, जिसमें यह दर्शाया गया है कि उक्त सत्र में होने वाली सभा की बैठकों में भिन्न-भिन्न कोटि के कार्यों के लिए कौन-कौन सी तिथियाँ नियत की गयी हैः-

1. तिथि 12 फरवरी, 2024 को 11.30 बजे पूर्वा० में भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 (1) सह पठित बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-6 के अधीन बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के एक साथ समवेत बैठक में महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण होगा, तत्पश्चात सरकार के द्वारा विश्वास मत प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा; तदुपरान्त भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 (1) सह पठित बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-140 के अर्न्तगत राज्यपाल महोदय द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश की प्रमाणीकृत प्रति (यदि हो) सभा पटल पर रखी जाएगी तथा आर्थिक सर्वेक्षण का प्रस्तुतीकरण होगा । तदुपरान्त शोक प्रकाश लिए जायेंगे ।

2. तिथि 13 फरवरी, 2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आय-व्ययक का उपस्थापन होगा, तदुपरान्त महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद एवं सरकार का उत्तर होगा ।

3. तिथि 19 फरवरी, 2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श होगा एवं सरकार का उत्तर होगा ।

4. तिथि 20 फरवरी, 2024 से तिथि 23 फरवरी, 2024 तक के कार्य दिवस में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान के लिए निर्धारित है । इसपर कटौती प्रस्ताव की सूचना देने की अंतिम तिथि के संबंध में सूचनाएँ बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-173 (3) के साथ वाचित नियम-24 के अन्तर्गत अलग से परिचारित की जा रही है ।

5. तिथि 23 फरवरी, 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन होगा ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 176 (6) परन्तुक के साथ वाचित नियम-24 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित किसी मांग पर कटौती प्रस्तावों की सूचना देने की अन्तिम तिथि 23 फरवरी, 2024 (3.00 बजे अप० तक सचिव के कार्यालय कक्ष) नियत की गयी है ।

6. तिथि 27 फरवरी, 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का व्यवस्थापन होगा ।

7. तिथि 28 फरवरी, 2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक से संबंधित विनियोग विधेयक पर वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर होगा ।

8. तिथि 29 फरवरी, 2024 को राजकीय विधेयक का व्यवस्थापन होगा ।

## गैर सरकारी सदस्यों के कार्य

### (गैर सरकारी संकल्प)

9. तिथि 01 मार्च, 2024 गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) के लिए नियत की गई है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-150 के अनुसार गैर सरकारी संकल्पों की सूचना देने की अंतिम तिथि गैर सरकारी संकल्प के व्यवस्थापन हेतु नियत तिथि से 15 (पन्द्रह) दिन पूर्व निर्धारित है ।

अतएव तत्प्रयोजनार्थ केवल वे ही संकल्प (गैर सरकारी) लिए जायेंगे जिनके संबंध में सूचनाएं निम्न अनुसूची में उल्लिखित तिथि तक प्राप्त हो जाए:-

**अनुसूची**

| गैर सरकारी संकल्प के लिए **नियत दिनांक** | संकल्प की सूचना देने के लिए **अंतिम दिनांक** | शलाका के लिए **नियत दिनांक** |
|---|---|---|
| शुक्रवार, दिनांक 01 मार्च, 2024 | शुक्रवार, दिनांक 16 फरवरी, 2024 को 3.00 बजे अप० तक | शुक्रवार, दिनांक 23 फरवरी, 2024 (5.00 बजे अप०) |

मैं इस संबंध में आपका ध्यान बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-151 की ओर भी आकृष्ट करता हूँ जिसके अनुसार किसी सदस्य को गैर सरकारी संकल्पों के निबटाव के निमित निश्चित दिन के लिए एक से अधिक संकल्प की सूचना नहीं देने का प्रावधान है ।

10. प्रश्न-

(क) प्रश्नों की सूचनाएँ देने के लिए चक्रानुवर्तित क्रम की सारणी अलग से परिचारित की जा रही है ।

(ख) विगत सत्रों में अपनायी गयी प्रक्रिया के अनुसार अल्प-सूचित एवं तारांकित प्रश्नों की प्राथमिकता शलाका द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

11. सत्र में भिन्न-भिन्न कोटि के कार्यों के लिए उपर्युक्त नियत तिथियाँ ऐसे परिवर्तनों के अधीन है, जो समय-समय पर सदन में अभिज्ञापित किये जाय अथवा दैनिक कार्य-सूची में दिखाए जायँ ।

12. यदि किसी कारणवश तिथि 01 मार्च, 2024 के पश्चात् भी सत्र चलाना आवश्यक प्रतीत हुआ, तो भिन्न-भिन्न कार्यों के निपटारे के लिए भिन्न-भिन्न तिथियाँ नियत करते हुए एक अनुपूरक कार्यक्रम बाद में निर्गत किया जायेगा ।

अत: अनुरोध है कि सभा सचिवालय से समय-समय पर प्रेषित कार्य-सूची सहित अन्य ऐसे कागजात को अवश्य साथ लाने की कृपा करेंगे जो सत्रावधि में निदेश के लिए आपको आवश्यक प्रतीत हो ।

विश्वासभाजन,
(राज कुमार)
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-01/2024- 242 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-01/2024- 242 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के निदेशकगण / उप सचिवगण / मुख्य प्रतिवेदक / श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित ।

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

# भारत के संविधान के अधीन गठित सप्तदश बिहार विधान सभा के एकादश–सत्र का संशोधित औपबंधिक कार्यक्रम
## फरवरी–मार्च, 2024

| | |
|---|---|
| सोमवार, दिनांक 12 फरवरी, 2024 | 1. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो)।<br>2. भारत के संविधान के अनुच्छेद–176(1) के अधीन 11.30 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के एक साथ समवेत बैठक में महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण।<br>3. सरकार के द्वारा विश्वास मत प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव।<br>4. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का सदन पटल पर रखा जाना (यदि हो)।<br>5. आर्थिक सर्वेक्षण का प्रस्तुतीकरण।<br>शोक प्रकाश (यदि हो)। |
| मंगलवार, दिनांक 13 फरवरी, 2024 | 1. वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए आय–व्ययक का उपस्थापन।<br>2. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद एवं सरकार का उत्तर। |
| बुधवार, दिनांक 14 फरवरी, 2024 | बैठक नहीं होगी (वसंत पचमी)। |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 15 फरवरी, 2024<br>शुक्रवार, दिनांक 16 फरवरी, 2024 | बैठक नहीं होगी। |
| शनिवार, दिनांक 17 फरवरी, 2024<br>रविवार, दिनांक 18 फरवरी, 2024 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 19 फरवरी, 2024 | वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक पर सामान्य विमर्श एवं सरकार का उत्तर। |
| मंगलवार, दिनांक 20 फरवरी, 2024<br>बुधवार, दिनांक 21 फरवरी, 2024<br>वृहस्पतिवार, दिनांक 22 फरवरी, 2024 | वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद–विवाद तथा मतदान। |
| शुक्रवार, दिनांक 23 फरवरी, 2024 | 1. वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद–विवाद तथा मतदान।<br>2. वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन। |
| शनिवार, दिनांक 24 फरवरी, 2024<br>रविवार, दिनांक 25 फरवरी, 2024 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 26 फरवरी, 2024 | बैठक नहीं होगी (शब–ए–बरात)। |
| मंगलवार, दिनांक 27 फरवरी, 2024 | वित्तीय वर्ष 2023–24 की तृतीय अनुपूरक व्यय–विवरणी पर वाद–विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक। |
| बुधवार, दिनांक 28 फरवरी, 2024 | वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक से संबंधित विनियोग |

| | |
|---|---|
| | विधेयक पर वाद–विवाद तथा सरकार का उत्तर। |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 29 फरवरी, 2024 | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य। |
| शुक्रवार, दिनांक 01 मार्च, 2024 | गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प)। |

* * * * * * *

- **महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण – 01 कार्य दिवस**
- **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद–विवाद – 01 कार्य दिवस**
- **2024–25 के आय व्ययक पर सामान्य विमर्श – 01 कार्य दिवस**
- **वित्तीय वर्ष 2023–24 की तृतीय अनुपूरक व्यय–विवरणी पर वाद–विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक –01 कार्य दिवस**
- **वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद–विवाद एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक –04+1=05 कार्य दिवस**
- **राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य – 01 कार्य दिवस**
- **गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) – 01 कार्य दिवस**
- **कुल बैठक –11 कार्य दिवस।**

---

# دستور ہند کے تحت تشکیل شدہ سترہویں بہار قانون ساز اسمبلی کا گیارہواں اجلاس کا

## ترمیم شدہ عارضی پروگرام

## فروری۔ مارچ، 2024

| | |
|---|---|
| سوموار، مورخہ 12 فروری، 2024 | 1- حلف یا عہد برداری (اگر ہوں) |
| | 2- دستور ہند کی دفعہ 176(1) کے تحت 11:30 بجے دن میں بہار قانون سازیہ کے توسیعی عمارت کے سنٹرل ہال میں بہار قانون سازیہ کے دونوں ایوانوں کی مشترکہ نشست میں عزت مآب گورنر کا خطبہ۔ |
| | 3- حکومت کے ذریعہ اعتماد کا ووٹ حاصل کرنے کے لئے تجویز۔ |
| | 4- بہار قانون سازیہ کے اجلاس میں نہیں رہنے کی مدت میں عزت مآب گورنر کے ذریعہ مشتہر فرامین کی مصدقہ کاپیوں کا ایوان کے میز پر رکھا جانا (اگر ہوں)۔ |
| | 5- اقتصادی سروے کی پیشی۔ |
| | 6- اظہار تعزیت (اگر ہوں)۔ |
| منگل، مورخہ 13 فروری، 2024 | 1- مالی سال 25-2024 کے لئے آمد و خرچ کی پیشی۔ |
| | 2- عزت مآب گورنر کے خطبہ کے شکریہ کی تجویز پر بحث و مباحثہ اور سرکار کا جواب۔ |
| بدھ، مورخہ 14 فروری، 2024 | نشست نہیں ہوگی (وسنت پنچمی)۔ |
| جمعرات، مورخہ 15 فروری، 2024<br>جمعہ، مورخہ 16 فروری، 2024 | نشست نہیں ہوگی۔ |
| سنیچر، مورخہ 17 فروری، 2024<br>اتوار، مورخہ 18 فروری، 2024 | نشست نہیں ہوگی۔ |
| سوموار، مورخہ 19 فروری، 2024 | مالی سال 25-2024 کے آمد و خرچ پر عام تبادلہ خیال اور سرکار کا جواب۔ |
| منگل، مورخہ 20 فروری، 2024<br>بدھ، مورخہ 21 فروری، 2024<br>جمعرات، مورخہ 22 فروری، 2024 | مالی سال 25-2024 کے آمد و خرچ کے مطالبات زر پر بحث و مباحثہ اور ووٹنگ۔ |
| جمعہ، مورخہ 23 فروری، 2024 | 1- مالی سال 25-2024 کے لئے آمد و خرچ کے مطالبات زر پر بحث و مباحثہ اور ووٹنگ۔ |
| | 2- مالی سال 24-2023 کے لئے آمد و خرچ سے متعلق تیسرے تتمہ تفصیل اخراجات کی پیشی۔ |
| سنیچر، مورخہ 24 فروری، 2024<br>اتوار، مورخہ 25 فروری، 2024 | نشست نہیں ہوگی۔ |
| سوموار، مورخہ 26 فروری، 2024 | نشست نہیں ہوگی (شب برات)۔ |

| | |
|---|---|
| منگل، مورخہ 27 فروری، 2024 | مالی سال 24-2023 کے تیسرے تحت تفصیل اخراجات پر بحث و مباحثہ، سرکار کا جواب اور اس سے متعلق تصرف بل۔ |
| بدھ، مورخہ 28 فروری، 2024 | مالی سال 25-2024 کے آمد و خرچ سے متعلق تصرف بل پر بحث و مباحثہ اور سرکار کا جواب۔ |
| جمعرات، مورخہ 29 فروری، 2024 | سرکاری بل اور دیگر سرکاری امور۔ |
| جمعہ، مورخہ 01 مارچ، 2024 | غیر سرکاری اراکین کے امور (غیر سرکاری عہد)۔ |

☆☆☆☆

| | | |
|---|---|---|
| ■ عزت مآب گورنر کا خطبہ | : | 01 یوم امور |
| ■ عزت مآب گورنر کے خطبہ پر بحث و مباحثہ | : | 01 یوم امور |
| ■ 25-2024 کے آمد و خرچ پر عام تبادلہ خیال | : | 01 یوم امور |
| ■ مالی سال 24-2023 کے تیسرے تحت تفصیل اخراجات پر بحث و مباحثہ، سرکار کا جواب اور اس سے متعلق تصرف بل | : | 01 یوم امور |
| ■ مالی سال 25-2024 کے آمد و خرچ کے مطالبات زر پر بحث و مباحثہ اور اس سے متعلق تصرف بل | : | 05=04+1 یوم امور |
| ■ سرکاری بل و دیگر سرکاری امور | : | 01 یوم امور |
| ■ غیر سرکاری اراکین کے امور۔ (غیر سرکاری عہد) | : | 01 یوم امور |
| ■ کل نشست | : | 11 یوم امور |

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-02/2024- 251 /वि०स० ।

प्रेषक,

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक-कार्य०का०सू०-02/2024-149, दिनांक-18 जनवरी, 2024 एवं कार्य०का०सू०-02/2024-225, दिनांक-31 जनवरी, 2024 के क्रम में संशोधित औपबंधिक कार्यक्रम के आलोक में निदेशानुसार सूचित करना है कि सप्तदश बिहार विधान सभा का एकादश सत्र संशोधित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार, दिनांक-12 फरवरी, 2024 को 11:00 बजे पूर्वा० से बिहार विधान सभा के सभा वेश्म में प्रारम्भ होगा । महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में 11:30 बजे पूर्वा० में प्रारम्भ होगा ।

सभा वेश्म में 11:00 बजे पूर्वा० की बैठक में प्रारंभिक औपचारिकताओं के उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय विस्तारित भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर महामहिम की अगवानी के लिए प्रस्थान करेंगे । आप सभी माननीय सदस्यों से अपेक्षा है कि इस बीच आप विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे । महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के तत्काल बाद पुनः आप सभी माननीय सदस्यगण विधान सभा वेश्म में वापस आकर अपना स्थान ग्रहण करेंगे । तत्पश्चात् सदन में आगे के निर्धारित कार्य निष्पादित किये जायेंगे ।

विश्वासभाजन,

(राज कुमार)
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-02/2024- 253 /वि०स० ।

प्रेषक,

असीम कुमार,
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

विषय:- महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के अवसर पर यातायात नियंत्रण के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक-कार्य०का०सू०-02/2024-150, दिनांक-18 जनवरी, 2024 एवं कार्य०का०सू०-02/2024-227, दिनांक-31 जनवरी, 2024 के क्रम में संशोधित औपबंधिक कार्यक्रम के आलोक में निदेशानुसार सूचित करना है कि महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण दिनांक-12 फरवरी, 2024 को बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में होगा । सेन्ट्रल हॉल में होने वाले राज्यपाल के अभिभाषण के अवसर पर यातायात नियंत्रण के संबंध में सूचित करना है कि सभा भवन की प्रसीमा में प्रवेश करने हेतु सभी द्वार उस दिन 11.15 बजे पूर्वाह्न में यथापूर्व की भांति इस बार भी बन्द हो जायेंगे ।

2. यदि कोई सदस्य, पूर्वाह्न 11.15 के पश्चात आयेंगे तो वे सभा भवन के मुख्य बरसाती होकर सभा भवन में प्रवेश करेंगे और बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में अपना स्थान ग्रहण करेंगे तथा अपनी गाड़ियों को पूरब वाले फाटक के बाहर मैदान में लगाने की कृपा करेंगे ।

इसमें आपका सहयोग प्रार्थित है ।

विश्वासभाजन,
(ह०) 1/2/24
(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 253 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार, पटना / सचिव, बिहार विधान परिषद्, पटना / पुलिस महानिदेशक, बिहार एवं पुलिस महानिरीक्षक, (मुख्यालय), बिहार, पटना / जिला पदाधिकारी, पटना / वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(ह०) 1/2/24
(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 253 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

1/2/24

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 253 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- प्रधान मार्शल / अवधायक शाखा, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

1/2/24

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2024- 253 /वि०स०, पटना, दिनांक- 01 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के निदेशकगण एवं उप सचिवगण को सूचनार्थ प्रेषित ।

1/2/24

(असीम कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## सप्तदश बिहार विधान सभा का एकादश सत्र

## प्रश्नों के लिए संशोधित चक्रानुवर्तित क्रम

निम्नलिखित तालिका के अनुसार दिनांक 12 फरवरी, 2024 से 01 मार्च 2024 तक होने वाले एकादश सत्र में माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्न सदन में लिए जायेंगे :-

| वर्ग | मंत्री | विभाग | निर्धारित तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ग (सोमवार) | मुख्यमंत्री / प्रभारी मंत्री | गृह विभाग, वाणिज्यकर विभाग, वित्त विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (मंत्रिमंडल सचिवालय, राजभाषा कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं नागरिक विमानन), निगरानी विभाग, गन्ना उद्योग विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, उद्योग विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा निर्वाचन विभाग । | 19 फरवरी,2024 |
| द्वितीय वर्ग (मंगलवार) | प्रभारी मंत्री | शिक्षा विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा खेल विभाग **(सांकेतिक चिन्ह-खेल)** । | 13,20 एवं 27 फरवरी 2024 |
| तृतीय वर्ग (बुधवार) | प्रभारी मंत्री | ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग । | 21 एवं 28 फरवरी 2024 |
| चतुर्थ वर्ग (बृहस्पतिवार) | प्रभारी मंत्री | कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा सहकारिता विभाग । | 22 एवं 29 फरवरी 2024 |
| पंचम वर्ग (शुक्रवार) | प्रभारी मंत्री | ऊर्जा विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, पर्यटन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विधि विभाग । | 23 फरवरी 2024 एवं 01मार्च 2024 |

## प्रश्नों की सूचनाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि निम्न प्रकार है :-

**"क" तारांकित**

| वर्ग-1 | वर्ग-2 | वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 |
|---|---|---|---|---|
| 05.02.2024 | 13.02.2024 | 13.02.2024 | 15.02.2024 | 16.02.2024 |

**"ख" अल्पसूचित**

| वर्ग-1 | वर्ग-2 | वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 |
|---|---|---|---|---|
| 12.02.2024 | 20.02.2024 | 21.02.2024 | 22.02.2024 | 23.02.2024 |

**नोट:-** 1.सभी तिथियों को प्रश्न 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किए जायेंगे ।

2. सभा सचिवालय के ज्ञापांक 80, दिनांक-18.01.2024 एवं ज्ञापांक-131, दिनांक-31.01.2024 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

उप सचिव, 01/02/24
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक:-प्रश्न विविध-01/2020- 135 /वि०स०, पटना, दिनांक-01/02/2024 ई० ।

प्रतिलिपि:-बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार सरकार / राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / बिहार सरकार के सभी विभाग / मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग / संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

उप सचिव, 01/02/24
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक:-प्रश्न विविध-01/2020- 135 /वि०स०, पटना, दिनांक-01/02/24 ई० ।

प्रतिलिपि:-माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय / माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं सचिव बिहार विधान सभा, पटना के सूचनार्थ प्रेषित ।

उप सचिव, 01/02/24
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक:-प्रश्न विविध-01/2020- 135 /वि०स०, पटना, दिनांक-01/02/2024 ई० ।

प्रतिलिपि:-सभी निदेशक/ सभी उप सचिव / संयुक्त निदेशक/ सभी अवर सचिव / श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा / प्रश्न शाखा के सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

उप सचिव, 01/02/24
बिहार विधान सभा, पटना ।

1.2.24

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## शलाकन का कार्यक्रम

सप्तदश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र के संशोधित कार्यक्रमानुसार माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना की पूर्वता निर्धारित करने के लिए शलाकन निम्न तालिका के अनुसार सभा भवन स्थित सचिव के कार्यालय कक्ष में 3.00 बजे अपराह्न में होगी :-

| प्रश्न वर्ग | मौखिक उत्तर देने की तथि | अल्पसुचित्त प्रश्न | तारांकित प्रश्न |
|---|---|---|---|
| वर्ग-1 | 19.02.2024 | 15.02.2024 | 12.02.2024 |
| वर्ग-2 | 13.02.2024<br>20.02.2024<br>27.02.2024 | 09.02.2024<br>16.02.2024<br>23.02.2024 | 06.02.2024<br>13.02.2024<br>20.02.2024 |
| वर्ग-3 | 21.02.2024<br>28.02.2024 | 19.02.2024<br>23.02.2024 | 13.02.2024<br>21.02.2024 |
| वर्ग-4 | 22.02.2024<br>29.02.2024 | 19.02.2024<br>27.02.2024 | 15.02.2024<br>22.02.2024 |
| वर्ग-5 | 23.02.2024<br>01.03.2024 | 19.02.2024<br>27.02.2024 | 16.02.2024<br>23.02.2024 |

अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना देने वाले माननीय सदस्य (यदि चाहें तो) प्रश्नों के लिए ऊपर नियत शलाकन की तिथि को उपस्थित हो सकते हैं ।

प्रश्नों के संबंध में बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के उपबंध यथावत लागू रहेंगे ।

शलाकन केवल स्वीकृत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों का ही होगा ।

नोटः- सभा सचिवालय के ज्ञापांक 81, दिनांक-18.01.2024 एवं ज्ञापांक-132, दिनांक-31.01.2024 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

उप सचिव, 01/02/24
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-वि०वि०प्रश्न विविध-01/2020- 136 /वि०स०, पटना, दिनांक-01/02/2024 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के सभी माननीय सदस्यगण के सूचनार्थ प्रेषित ।

उप सचिव, 01/02/24
बिहार विधान सभा, पटना ।

1.2.24

**बिहार विधान सभा सचिवालय**

पत्र संख्या-प्रश्न विविध-5/2021- /वि०स० ।

प्रेषक,

विश्वजीत कुमार,
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
संसदीय कार्य विभाग,
बिहार सरकार, पटना ।

पटना, दिनांक-

विषयः- सप्तदश बिहार विधान सभा के पिछले सभी सत्रों के सदन में पूछे गए अल्पसूचित, तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के उत्तर को QRMS में अपलोड करने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि सप्तदश बिहार विधान सभा के पिछले सभी सत्रों के सदन में पूछे गए अल्पसूचित, तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के उत्तर जो अबतक अपलोड नहीं किया गया है, उनको QRMS पोर्टल पर अपलोड करने का विकल्प विभाग के USER ID पर उपलब्ध है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि विगत सत्रों के प्रश्नों का उत्तर जो QRMS पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है, उसे अपलोड कराने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(विश्वजीत कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-प्रश्न विविध-5/2021- 137 /वि०स०, पटना, दिनांक- 02/

प्रतिलिपि-अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव, सभी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि संबंधित विभाग के विधान मंडलीय सत्र से संबंधित नोडल पदाधिकारी को सप्तदश बिहार विधान सभा के सभी सत्रों के प्रश्नों का उत्तर (जो अपलोड नहीं किया गया है) अपलोड कराने हेतु आदेश देने की कृपा की जाय ।

विश्वजीत कुमार 02/2/2024.
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

1.2.24

## बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-प्रश्न विविध-5/2021- 137 /वि०स० ।

प्रेषक,

विश्वजीत कुमार,
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
संसदीय कार्य विभाग,
बिहार सरकार, पटना ।

पटना, दिनांक- 02/02/2024

विषय:- सप्तदश बिहार विधान सभा के पिछले सभी सत्रों के सदन में पूछे गए अल्पसूचित, तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के उत्तर को QRMS में अपलोड करने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि सप्तदश बिहार विधान सभा के पिछले सभी सत्रों के सदन में पूछे गए अल्पसूचित, तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के उत्तर जो अबतक अपलोड नहीं किया गया है, उनको QRMS पोर्टल पर अपलोड करने का विकल्प विभाग के USER ID पर उपलब्ध है ।

अत: आपसे अनुरोध है कि विगत सत्रों के प्रश्नों का उत्तर जो QRMS पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है, उसे अपलोड कराने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
Bishwajit Kumar 02/02/2024
(विश्वजीत कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

7.2.24